## सार-समाचार

### पांच चोरियां, एक में आरोपी पकड़ा

**जोधपुर**,(कासं) । कमिश्नरेट में गत 24 घंटों में अलग अलग स्थानों पर चोरी की पांच घटनाएं हुई। एक में आरोपी को पकड़ा गया है। संबंधित थाना पुलिस ने मामले दर्ज कर अब जांच आरंभ की है। बनाड़ पुलिस ने बताया कि नांदड़ाखुर्द स्थित आंगनवाड़ी की सुशीला भारती पत्नी जितेंद्र पुरी ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 3 सितंबर की रात में चोरों ने आंगनवाड़ी केंद्र नांदड़ाखुर्द से इंवर्टर बैटरी, एक एलईडी के साथ अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस अब चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। दूसरी तरफ बनाड़ पुलिस के अनुसार ही बीजेएस स्थित हनुवंत ए में रहने वाले नारायण सिंह पुत्र विशन सिंह ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि खोखरिया में लगे मोबाइल टॉवर से कोई बैटरियां आदि सामान चोरी कर ले गया। मामले में जांच कर रहे एसआई त्रिलोकदान ने बताया कि इस मामले में कुड़ी भगतासनी, सेक्टर 14 निवासी विशाल सिंह पुत्र पूनम सिंह को गिरफ्तार किया है। इधर राजीव गांधी नगर थाने में चौखा स्थित रामराज नगर सेक्टर 4 निवासी चेतनप्रकाश पुत्र जीवनलाल माली ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि चोरों ने उसके घर से 3 सितंबर की रात में चोरी हो गई। चोर उनके कर से सोने की दो बाली, चांदी की दो पायजेब, पांच अंगुठियां और दो हजार की नगदी चोरी कर ले गए। जबकि बोरानाडा थाने में जाटों का बास बोरानाडा के रहने वाले मोतीराम पुत्र गिरधारीराम जाट ने रिपोर्ट दी कि 2 सितंबर को रिको हाउसिंग सोसायटी क्षेत्र में चोरों ने सैंध लगाकर वहां 90 पीसीसी कॉलम क्लिप, 80 पीसीसी पट्टी आदि सामान चोरी कर लिया। इधर कुड़ी भगतासनी पुलिस के अनुसार सेक्टर 5 में एक मकान जून महिने से सूना था। उसके मालिक सूरज शर्मा पुत्र महेश शर्मा ने चोरों द्वारा घर से नगदी और जेवरात चुरा ले जाने की रिपोर्ट दी। पुलिस ने सभी मामले दर्ज कर जांच शुरू की है।

### उड़ान प्रतियोगिता का उद्घाटन

**जालोर**, ( का.सं.)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शिक्षा विभाग के सहयोग से विशेष रूप से सक्षम बच्चों की प्रतियोगिता का अनोपचारिक उद्घाटन शनिवार को महावीर आवासीय मुकबधिर विद्यालय जालोर में बैनर का विमोचन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने कहा कि व्यक्ति के मानसिक व शारीरिक विकास के लिए खेल अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विधिक चेतना अभियान के तहत रालसा स्पोर्टस फोर अवेयरनेस उड़ान प्रतियोगिता के माध्यम से खेलों के साथ साथ बालकों में विधिक जागृति भी लाना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बारिश के दौर देखते हुए प्रतियोगिता का विधिवत आयोजन 15 सितंबर से 25 सितंबर के बीच में किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार खोरवाल ने कहा कि खेल खेलने से बालकों का बौद्धिक विकास भी होता है, उनमें निर्णय लेने एवं सोचने की शक्ति विकसित होती है। उन्होंने खेलों को हमेशा खेल की भावना से ही खेलने का आ ान किया। इस दौरान समठा शिक्षा कार्यक्रम अधिकारी मदनलाल गहलोत, आवासीय विद्यालय के रोशनलाल, हितेश गहलोत, संतोष, हरिप्रसाद गुर्जर, हंसराज आदि मौजूद रहे। इस दौरान दो टीमों के बीच में कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### अल्पसंख्यक महासंघ ने फल बांटे

**जालोर**,(का.सं.)। शहर के जिला चिकित्सालय में शुक्रवार को पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के मौके पर अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी महासंघ जालौर ने डॉ.रमेश चौधरी एवं दंत चिकित्सक डॉ. अहराज शम्मा, नर्सिंग अधीक्षक हजाराम ,सुनंदेशा की उपस्थिति में जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर उनके जल्द स्वस्थ लाभ की कामना की। महासंघ के प्रदेश सचिव शहजाद खान ने कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब ने हमेशा अमन, मोहब्बत , इंसानियत,रहमत का पैगाम दिया हमारा फर्ज है कि इस पैगाम को आमजन तक पहुंचाए और समाज में एक दूसरे से मोहब्बत का रिश्ता मजबूत करें। इस अवसर पर देश की सलामती और भाईचारे की दुआ भी की गई अल्पसंख्यक महासंघ कर्मचारियों अधिकारियों के हितों के साथ-साथ सामाजिक समरसता के कार्य में भी भागीदारी निभाता है। इसके अंतर्गत जिला चिकित्सालय में मरीजो को फल वितरण कर उनके जल्द स्वास्थ्य की कामना की गई इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में आपसी मेल मिलाप और भाईचारा मजबूत करते हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रमजान खान, महामंत्री फिरोज खान, अमजद खान प्रधानाचार्य ,महबूब खान पी टी आई,नूर मोहम्मद, रफीक मोहम्मदएच, इंसाफ अली, सद्दाम हुसैन, आमीर शेख ,वसीम अकरम,, अब्दुल गफ्फार, शौकत खान , शकील खान सहित कई लोग उपस्थित थे।

### अक्टूबर से एयर इंडिया की फ्लाइट

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर में पहली बार एयर इंडिया ने अपनी हवाई सेवाओं के संचालन की घोषणा की है। एयर इंडिया दिल्ली से जैसलमेर के लिए 26 अक्टूबर से 2 फ्लाइट शुरू करने जा रही है और इसकी ऑनलाइन बुकिंग भी शुक्रवार से शुरू कर दी है। एयरपोर्ट जैसलमेर के निदेशक प्रमोद मीणा ने बताया कि एयर इंडिया पहली बार जैसलमेर से जुड़ने जा रहा है, ये बढ़िया बात है। इससे पहले इंडिगो ने दिल्ली के लिए 1 अक्टूबर से हवाई सेवाओं को शुरू करने की घोषणा की है। अब जैसलमेर में लगातार हवाई सेवाओं के शुरू होने से पर्यटन को काफी फायदा होगा। इससे जैसलमेर में टूरिस्ट ज्यादा तादाद में आएंगे।

### मंडार से पैदल जत्था सुंधामाता रवाना

**रेवदर/मंडार**, (नि.सं.)। आस्था और श्रद्धा के माहौल के बीच आज मंडार से सुंधामाता जी के पावन दर्शन हेतु श्रद्धालुओं का एक भव्य जत्था टेडल के लिए रवाना हुआ। जत्थे में बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग और श्रद्धालुजन शामिल रहे। जत्थे की शुरुआत माता जी के जयकारों के साथ हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से माता जी के चरणों में अपनी आस्था अर्पित करते हुए कहा कि यह यात्रा न केवल धर्म और संस्कृति का प्रतीक है बल्कि समाज में एकता और भाईचारे का सशक्त संदेश भी देती है। स्थानीय नागरिकों ने भी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ देते हुए भावपूर्ण विदाई दी और सुन्दा माता जी से सभी यात्रियों की मंगलमय यात्रा एवं कल्याण की प्रार्थना की।

### बांडी नदी की रपट पर दो युवक बहे

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर के इंदिरा कॉलोनी के पीछे बहने वाली बड़ी नदी की रपट पर शनिवार दोपहर गणपति विसर्जन के दौरान दो युवक पैर फिसलने से नदी में बह गए, जिनको करीब 700 मीटर तक देखा गया। उसके बाद शायद वे नदी में डूब गए, उस वक्त भीड़ कम थी। सूचना पर ट्रांसपोर्ट थाना प्रभारी भंवरलाल माली पहुंचे और एन डी आर टीम को बुलाया और नदी में तलाश की। वही रोहिट क्षेत्र के साव लता खुर्द के पास बहने वाली रपट पर 4 फुट पानी में ट्रैक्टर ट्राली समेत उतरने पर ट्रोली उल्टी हो गई जिससे तीन युवक बहने लगे, किस्मत की उनके हाथों में झाड़ी आ गई और पकड़ कर बैठे रहे। लोगों ने रस्सी से बाहर निकाला। मौके पर रोहित थाना प्रभारी पाना चौधरी पहुंची और यूवकों को हिरासत में लिया।

### दुष्कर्म का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। महिला पुलिस थाना द्वारा दर्ज नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म प्रकरण अनुसंधान जिला पुलिस अधीक्षक, जैसलमेर अभिषेक शिवहरे के निर्देशन में पुलिस उपअधीक्षक गजेन्द्रसिंह वृत नाचना द्वारा प्रारम्भ किया गया। टीम द्वारा अथक प्रयास कर मुख्य आरोपी फजल मोहम्मद मुसलमान नूंह हरियाणा को बाद पूछताछ गिरफतार किया गया। मुल्जिम को न्यायालय में पेश की पीसी रिमाण्ड प्राप्त किया गया।

### अनंत चतुर्थी कथा सुनी

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर समेत जिले भर में शनिवार को अनंत चतुर्दशी का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस दिन पुरुष उपवास रखकर अनंत भगवान की कथा सुनते हैं और हाथ की बांह पर 14 गांठ वाला पीला धागा बांधते हैं। भगवान की कथा आरती के पश्चात प्रसाद ग्रहण कर उपवास खोलते हैं, जिससे अनंत भगवान उनकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। इस अवसर पर शहर के सोमनाथ मंदिर में सैकड़ो लोगों ने अनंत भगवान की कथा सुनी। कई जगह पर अनंत चतुर्दशी का उद्यापन किया।

### छप्पन भोग का आयोजन किया

**जोधपुर**, (कासं) । फतेहसागर, रामानुज कोट के पास स्थित श्री निंबेश्वर महादेव भक्ति मंडली ने श्री निंबेश्वर महादेव मंदिर में छप्पन भोग किया। पुजारी पंडित ऋषि राज गौड़ प्रदीप वैष्णव, रवि भाई, दीपक टाक, सुरेश परासर,अंकित जैन,चेतन जांगिड,गोविन्द व्यास, दिनेश सेन, दीपक गोयल, हर्ष गोयल, मोहित वर्मा, विवेक सहित कई जने मौजूद रहे।

# योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : सुबीर कुमार

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। समस्त विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचे। बाड़मेर जिला प्रभारी सचिव सुबीर कुमार ने शनिवार को बाड़मेर जिला मुख्यालय पर विकास योजनाओं की प्रगति एवं अभियानों की समीक्षा करते हुए यह बात कही। उन्होंने आगामी दिनों में शुरु होने वाले अभियानों की प्रभावी क्रियान्विति के लिए समुचित तैयारियां करने के निर्देश दिए।

प्रभारी सचिव सुबीर कुमार ने कहा कि 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक शहर चलो अभियान एवं 18 सितंबर से प्रत्येक पंचायत समिति की दो ग्राम पंचायतों में गांव चलो अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान सप्ताह में तीन दिवस चलेगा। उन्होंने जनोपयोगी कार्य सम्पादित करने के लिए इस अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ताकि अधिकाधिक आमजन को लाभांवित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि आगामी 2 से 15 अक्टूबर तक सहकार सदस्यता अभियान भी चलाया जाना है। प्रभारी सचिव ने तीनों अभियानों के सफल आयोजन के लिए व्यापक तैयारी करने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने कहा कि शहर चलो एवं गांव चलो अभियान के तहत जिले के समस्त शहरी वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में प्री-कैम्प का आयोजन कर विभिन्न कार्यों के आवेदन पहले से प्राप्त करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि शिविरों में प्राप्त प्रकरणों को यथासंभव मौके पर निस्तारण करें। यह प्रयास किया जाए कि लाभार्थियों का संतृप्तिकरण करने के उपरांत कोई पात्र व्यक्ति शेष नहीं रहे।

उन्होंने कहा कि फसल खराबे के सटीक आंकलन और किसानों को पारदर्शी तरीके से मुआवजा दिलाने के लिए ई-गिरदावरी प्रक्रिया अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए।

प्रभारी सचिव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश से शहरी और ग्रामीण इलाकों में पानी भराव होने की स्थिति में जल निकासी और राहत कार्यों को पूर्ण सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ अंजाम दिया जाए।

उन्होंने अतिवृष्टि क्षेत्रों में पशुधन हानि का आंकलन करने एवं पशुओं की बीमारियों को रोकने के लिए टीकाकरण एवं चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने को कहा।

उन्होंने कहा कि जिले की पहचान पंच गौरव कार्यक्रम में चिन्हित विशेषताओं को नई पहचान देने तथा जन-जन तक प्रचार-प्रसार के लिए समस्त विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। जिला कलैक्टर टीना डाबी ने राज्य सरकार एवं प्रभारी सचिव की ओर से दिए गए दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेंद्रसिंह चांदावत, यूआईटी सचिव श्रवणसिंह राजावत समेत विभिन्न विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# जालोर में राजेन्द्र नगर स्कूल बनाया शेल्टर होम

**जालोर**, (नि.सं.)। जवाई बांध के गेट खोले जाने के बाद जिला प्रशासन जालोर पूरी तहर अलर्ट मोड पर है। प्रशासन द्वारा प्रभावितों के राहत एवं बचाव के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजेन्द्र नगर, जालोर को शेल्टर होम के लिए तैयार किया गया है।

जहां प्रभावितों के लिए भोजन, उपचार, स्वच्छ पेयजल एवं बिस्तर की व्यवस्था की गई है।

वहीं जवाई नदी के बहाव क्षेत्रों एवं आस पास के इलाकों में आमजन से पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सावधानी बरतने, पानी बहाव के नजदीक नहीं जाने तथा फोटो-विडियो के चक्कर में लापरवाही नहीं करने की अपील जारी की गई है।

आपात स्थिति में फंसे होने पर जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष/कन्ट्रोम रूम नम्बर 02973-222216 एवं 02973-222525 पर सूचित किया जा सकता है।

## कलैक्टर एवं एस.पी. ने किया आहोर क्षेत्र का दौरा

जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को जवाई नदी के बहाव क्षेत्र आहोर उपखण्ड क्षेत्र के माधवपुरा, भैंसवाड़ा, छीपरवाड़ा, हरजी, पचावना क्षेत्र के पुलियों एवं रपटों का दौरा कर जवाई नदी के जल स्तर का जायजा लिया।

उन्होनें इस दौरान उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार आहोर सहित पुलिस अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने तथा प्रभावी निगरानी करते हुए आवश्यकतानुसार राहत एवं बचाव कार्य करने के निर्देश दिए।

# श्रीमाली ब्राह्मण समाज ने अनंत भगवान की पूजा की

**पाली**, (नि.सं.)। श्रीमाली ब्राह्मण समाज द्वारा महालक्ष्मी प्राकट्यय महोत्सव के तहत शनिवार की शाम पंचमुखी बालाजी का सुंदर श्रृंगार ,भव्य पूजन,एवं आहवान करते हुए सुंदर काण्ड का आयोजन किया।

श्रीमाली ब्राह्मण समाज विकास समिति के कोषाध्यक्ष राकेश दवे ने बताया ने बताया कि सुन्दरकाण्ड का आयोजन सुन्दरकाण्ड सेवा समिति हाऊसिंग बोर्ड द्वारा आचार्य रघु स्वामी के सानिध्य में किया गया। समाज के 250 से अधिक हनुमान भक्तों के समक्ष यजमान परिवार दिनेश दवे-निशा ,निखिल-श्रुति,प्रियल ने पुजा अर्चना की। कार्यक्रम के पश्चात वर्ष में एक बार विशिष्ट प्रसाद की व्यवस्था के तहत बाहर से मंगवाए सिरियारी दुग्ध प्रसाद का वितरण किया।

बजरंगबली का श्रृंगार सोनु दवे पुजारी बडीब्रह्मपुरी ने किया। शनिवार को ही आम्लेश्वर महादेव मंदिर में भगवान अनंत के रूप सांवरिया सेठ के समक्ष अनंत भगवान एवं अनंत सूत्र की पूजा अर्चन व्रत कथा का श्रवण पान आचार्य कृष्ण कांत मिश्रा द्वारा कराया गया। पाली के सर्व नागरिकों के लिए आयोजित कार्यक्रम में विधि विधान से भगवान अनंत एवं विशेष सुत्र का षोड्षोपचार पूजन के पश्चात् अनंत सूत्र का वितरण उपस्थित सभी 125 साधकों को किया गया। तुरंत पश्चात पुर्णिमा व्रत कथा का पठन किया गया।

इस दिन के विशेष प्रसाद केले , क्षीरएवं मालपुए का भोग अर्पित कर प्रसाद साधकों को वितरित किया गया।

सांस्कृतिक मंत्री जितेंद्र व्यास एवं अभिषेक व्यास ने बताया कि आज रविवार को शिववाड़ी में महिलाओं की रूचि के कार्यक्रमों की भरमार रहेगी। रविवार दोपहर 12 बजे से राजस्थानी संस्कृति को सहेजने हेतु मेहंदी एवं श्रीमाली समाज के प्राचीन प्रतीक मांडनों एवं रंगोली की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिससे महिलाऐ एवं जनसामान्य को मेहंदी व मांडना की महत्ता बताई जा सके।

इसी अनुरूप प्रतिदिन घर परिवार में व्यस्त रहने वाली महिलाओं में ऊर्जा का संचार करने एवं अपने प्रतिदिन के एकरूप कार्य से भिन्नढोल थाली पर नृत्य एवं फिर सभी वर्गो की संयुक्त खतरो के खिलाड़ी काआयोजन होगा।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविशंकर दवे ने बताया कि सभी प्रतियोगिताओं की तैयारी महिला शक्ति दिव्या दवे, रजनी व्यास, नीता अवस्थी, मंगला दवे, प्रेमलता त्रिवेदी, निशा दवे, विजयलक्ष्मी ओझा, वीणा दवे,, सोना व्यास,महिला शक्ति कार्यकारिणी की मोनिका जोशी, अनिता त्रिवेदी ,के साथ कर रही है।

इनके सहयोग में उपाध्यक्ष नरपत दवे, सिद्धार्थ दवे, संदीप दवे, पुनीत त्रिवेदी व अन्य कार्यकर्ता लगे हुए है। शुक्रवार को हुई स्केटिंग के प्रभारी एवं निर्णायक सिद्धार्थ दवे-अभिषेक व्यास, शुटिंग के संदीप दवे-मुकुल औझा, केरम के जितैन्द्र व्यास थे।

## शिक्षक सम्मान समारोह हुआ

**जालोर**,(का.ससं.)। रोटरी क्लब जालोर द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह-2025 का आयोजन शहर के एक निजी होटल में भव्य रूप से किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र परमार तथा गेस्ट ऑफ ऑनर मोहन पाराशर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ नीलम पवार द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। तत्पश्चात् क्लब अध्यक्ष विनीता ओझा ने स्वागत भाषण दिया। मंच संचालन पवन ओझा ने किया।

इस अवसर पर चेतना श्रीमाली ने रोटरी फोर-वे टेस्ट का वाचन किया और कृष्णा अरोड़ा ने अपनी स्वरचित कविता सुनाकर सभी को प्रभावित किया। समारोह में एन.के. जैथलिया को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु श्रीमती पद्मा नागर, ज्ञानी राठौड़, मधुमती सोनी, अर्चना गहलोत, लीना वैष्णव, सुमन यादव, अंशु बाला और गायत्री देवी को प्रधानाचार्य के रूप में सम्मानित किया गया। वहीं, स्कूल डायरेक्टर के रूप में मधु भाटी और इंदु दवे को सम्मानित किया गया। शिक्षिकाओं के रूप में नीलम पंवार और रेणुका चौधरी को भी सम्मान मिला।

शिक्षा के महत्व पर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र परमार, रोटरी क्लब के योगदान पर मोहन पाराशर और शिक्षकों को बधाई देते हुए नारायण लाल भट्ट ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर कानाराम परमार, रचना जैथलिया रामेश्वर गोयल, इंदु गोयल, नीरा माथुर, संतोष परिहार, तरुण सिद्धावत, नरेश देवड़ा, नितिन सोलंकी, शंकर सुंदेशा, संजय सुंदेशा, मेनका गुप्ता, ओमप्रकाश शीला चौधरी मयंक देवड़ा, दीपक सुथार हेमेंद्र बाघेड़िया आदि मौजूद रहे।

# निर्मल कुटीर में बाल कन्याओं का पूजन

**बालोतरा**, (नि.सं.)। समीपवर्ती आसोतरा के इंद्रोकली स्थित श्री निर्मल कुटीर में श्री वशिष्ठ सेवा संस्थान के तत्वावधान में चातुर्मास तपसाधना के समापन के उपलक्ष में महामण्डलेश्वर निर्मलदास महाराज के सानिध्य में 1008 बाल कन्याओं का पूजन कर कन्या जीमण करवा कर बालिकाओं को पाठ्य सामग्री वितरित की गई।

कन्या जीमण के लाभार्थी भामाशाह ईटवाया निवासी दानसिंह, किशोरसिंह पुत्र अदरसिंह मकवाणा ने लिया। इस दौरान कन्याओं को तिलक लगाकर उनका पूजन किया किया।

इस दौरान महामण्डलेश्वर निर्मलदास महाराज ने कहा कि कन्या पूजन मात्र एक परंपरा नहीं, बल्कि समाज के उत्थान और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। बालिकाएं राष्ट्र की धरोहर हैं और उन्हें संस्कार, शिक्षा व आत्मविश्वास से सशक्त बनाना हर व्यक्ति का कर्तव्य है।

कन्या जीमण के माध्यम से समाज को यह संदेश देना है कि नारी ही शक्ति है, नारी ही सृजन है और नारी ही जीवन का आधार है।उन्होंने सभी के सर्वजन कल्याण, सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना की।

इस अवसर पर संस्थान की कार्यकारिणी समिति के शंकरसिंह सिणेर, बस्तीसिंह सोढा,मुकनसिंह पादरू, शंकर सिंह आसोतरा, गिरधारी लाल सीहा, बाबूसिंह सीहा, शैतान सिंह जसोल, बंशीसिंह महाबार, नारायणसिंह बीसू, उत्तमसिंह बेरानाडी, जबरसिंह पादरू, प्रवक्ता हनुमानसिंह गादेरी, जगदीशसिंह पीलवा, अशोक सिंह आसोतरा, केवलसिंह इन्द्राणा, शंभूसिंह गुड़ानाल, भगवानसिंह फूलासर, भीखसिंह चांदेसरा, बाबूसिंह कालूड़ी, लालसिंह तिरसिंगड़ी, रामसिंह जसोल, चंदनसिंह आसोतरा हीरसिंह मिठौड़ा, अर्जुनसिंह ईटवाया, राजूसिंह निम्बाज मौजूद रहे।

# गणपति प्रतिमा का विसर्जन

**पाली**, (नि.सं.)। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शहर की करीब छोटी बड़ी1200 गणेश प्रतिमाओ का ढोल धमाका के सात लखोटिया के चौथे हिस्से में ले जाकर विसर्जन किया गया, जहां पर मेला सांस्कृतिक विकास समिति की ओर से वहां पहुंचे सभी गणेश प्रतिमा के समिति के सदस्य को दुपट्टा पहना कर स्वागत किया।

पाली शहर में सुबह से ही गली मोहल्ले के लोगों ने ढोल धमाकों के साथ गणेश प्रतिमाओं का जुलूस के रूप में विसर्जन किया।

जहां मुख्य शहर की 15 से 20 फुट की विशाल प्रतिमाए ट्रैक्टरों में बिठाकर महाराष्ट्रीयन पद्धति से ढोल ताशा की आवाज पर जुलूस के रूप में ले जाया गया।

जिसमें नागा बाबा की बगीची, सूरजपाल चौधरीयों का मोहल्ला, पानी दरवाजा जूना मठ का राजा,धोला चौतरा झुंझार क्लब, निचला कुमारो का बास, शिवाजी सर्कल शिवसेना, इंदिरा कॉलोनी, पुराना बस स्टैंड बापू नगर, मिल गेट भटवाड़ा का बास , लेबर कॉलोनी शिवाजी नगर, सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों से ट्रैक्टर में बिठाकर नाचते गाते गुलाल उड़ाते श्रद्धालु तालाब के घाट पर पहुंचे।

जहां घाट पर कृत्रिम नाव बनाकर विसर्जन समिति के सदस्यों ने विसर्जन कार्य किया।

# एक शाम माजीसा के नाम भक्ति संध्या आयोजित

**बालोतरा**, (नि.सं.)। श्री माजीसा मित्र मंडल एवं श्री माजीसा जनसेवा समिति के तत्वावधान मे स्वर्गीय भंवरलाल, मोहिनी देवी, अशोक कुमार की पुण्य स्मृति में आयोजित एक शाम माजीसा के नाम 26 वीं भजन संध्या का आयोजन श्री एस.एन. वोहरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसोल के प्रांगण में हुआ।

,अध्यक्ष रमेश भंसाली ने बताया कि सर्वप्रथम पंडित राजू महाराज के सानिध्य में माजीसा की दिव्य जोत माजीसा मंदिर से स्कूल प्रांगण में कोठारी परिवार द्वारा लाई गई। इसके पश्चात तेजाराम दमामी ने माजीसा की आरती के भजन संध्या की शुरुआत की। इसके बाद मंच पर आए गायक धनराज मेजा ने गणपति वंदना प्रस्तुत की एवं मात-पिता और गुरु चरणों मे वंदन बारम्बार भजन की प्रस्तुति दी। इसके बाद गायक कलाकार आशा वैष्णव ने रुनक झुनक पायल बाजे, माजीसा दर्शन देवो नी, घूमर रो ढोल गेरो बाजे आदि भजनों की प्रस्तुति दी। इसके बाद भजन गायक छोटू सिंह रावणा ने माजीसा खम्मा घणी भटियानीसा खम्मा घणी, तीन बाण के धारी, प्यारो लागे हो भटियाणी वालो वेश आदि भजनों की प्रस्तुति दी। इसके पश्चात गायक कलाकार प्रकाश माली मेहंदी राचनी, म्हारी मोतिया वाली माँ, भटियाणी थारो देवरो हीरा जडियो है मां, सिरियारी रो संत प्यारो लागे, नेम राजुल कथा, जय गौ माता, माजीसा की कथा, मेरे दोस्त लौट कर आजा जैसे एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान भक्तगण देर रात्रि तक भजनों का आनंद लेते रहे।

माजीसा मित्र मंडल द्वारा आगामी वर्षो के जागरणों की घोषणा की गई।

कार्यक्रम का संचालन संतोष सिंह धांधल ने किया। इस अवसर पर आयोजक परिवार मीठालाल, भरत कुमार, राजकुमार कोठारी, पीयूष कुमार उपस्थित रहे।

इस अवसर पर ठा. ऋतुराज सिंह जसोल, पूर्व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, पचपदरा विधायक अरुण चौधरी जसोल सरपंच ईश्वर सिंह चौहान, रालोपा नेता थान सिंह डोली जसोल थानाधिकारी चंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

जागरण के दौरान माजीसा मित्र मंडल के अध्यक्ष रमेश भन्साली, घनश्याम भाटी,किशोर सालेचा, तिलोकचंद प्रजापत,महेंद्र छाजेड़, माणक गहलोत, दिनेश सैन, निर्मल सिंह सोढा, मुदित बागरेचा, विक्रम सिंह राठौड़ खेतपाल तीरगर, अशोक बारासा, मनोहर जोगसन, मदन मेघवाल, गणपत राठौड़, अनिल संकलेचा, गोपाल खंडेलवाल, आदि ने व्यवस्थाएं संभाली।

# जसोलधाम में रात्रि जागरण में माजीसा की महिमा गूंजी

**बालोतरा**, (नि.सं.)। श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान, जसोल में भाद्रपद शुक्ल पक्ष त्रयोदशी की संध्या को मां जसोल की दिव्य भक्ति में रंगी एक अविस्मरणीय रात्रि जागरण का भव्य आयोजन हुआ। मां जसोल के असंख्य भक्तों से भरे मंदिर परिसर में भक्ति, आस्था और भावनाओं का अद्वितीय संगम देखने को मिला।

रात्रि जागरण में प्रसिद्ध भजन गायक छोटूसिंह रावणा, श्याम पालीवाल तथा शिव बाड़मेर के मांगणियार कलाकारों ने अपनी सुमधुर वाणी से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छोटूसिंह रावणा ने गणपति वंदना से जागरण का शुभारंभ किया, इसके पश्चात माजीसा ने खम्मा घणी, मेहंदी राचनी, श्री राणीसा भटियाणीसा री घूमर, आवे माजीसा रो रथड़ों आदि भजनों से भक्तों की आत्मा को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। श्याम पालीवाल ने म्हाने माजीसा रो नाम प्यारों लागे, प्यारी लागे चुनड़ी माजीसा, माजीसा थाने अरज करा, निवण करूं प्रणाम माजीसा जैसी मनमोहक प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मांगणियार कलाकारों ने माजीसा री घूमर, ढोल गैरा बाजे, लाल बन्ना अवतारी, रणबंका राठौड़ सवाईसिंह जी भोमिया सहित पारंपरिक लोक भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दीं।

रात्रि जागरण मंच से छोटूसिंह रावणा और श्याम पालीवाल ने भक्तों से कहा कि जो भी आशीर्वाद रूपी मांगना हो, मां जसोल से उनके समक्ष ही मांगें। किसी को भी बीच में माध्यम न बनाएं। मां और भक्त के बीच में किसी अन्य की आवश्यकता नहीं होती। मां की सच्चे मन से सेवा करें, मां सबका भला करती हैं और सुख, शांति एवं समृद्धि प्रदान करती हैं।

मंदिर प्रांगण स्थित श्री राणीसा भटियाणीसा, श्री बायोसा, श्री सवाईसिंह जी, श्री लाल बन्ना सा, श्री खेतलाजी एवं श्री काला-गौरा भैरु जी के मंदिरों में रात्रि जोगा का विशेष आयोजन हुआ। स्थानीय दमामी एवं दमामणियों ने अपनी सुमधुर धुनों और भजनों से मंदिर परिसर में एक दिव्य माहौल निर्मित कर मां जसोल के चरणों में श्रद्धा अर्पित की। भाद्रपद शुक्ल पक्ष त्रयोदशी के उपलक्ष में जसोलधाम पधारे भक्तों को फल प्रसाद वितरित किया गया। इस सेवा का लाभ जसनाथ कंस्ट्रक्शन कम्पनी, बालोतरा द्वारा लिया गया। भाद्रपद पूर्णिमा रविवार को खग्रास चंद्रग्रहण भारत में दृश्यमान होगा। ग्रहण प्रारंभ: रविवार रात्रि 09:59 बजे से होगा तथा ग्रहण समाप्ति सोमवार प्रातः 01:29 बजे को होगी। जिसके तहत सूतक काल रविवार दोपहर 12:59 बजे से शुरू होगा। सूतक काल के दौरान मूर्ति स्पर्श एवं पूजा-पाठ वर्जित रहेगा। अतः श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान, जसोल के अधीनस्थ समस्त मंदिरों के कपाट रविवार दोपहर 12:59 बजे से सोमवार प्रातः 05:00 बजे तक मंगल रहेंगे। संस्थान का भक्तों से आग्रह है कि इस काल खण्ड में अपने घरों में रहकर मां जसोल का स्मरण एवं भक्ति करें।

भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्दशी के अवसर पर सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ जसोलधाम में उमड़ पड़ी। भक्तों ने मंदिर प्रांगण स्थित समस्त मंदिरों में दर्शन कर अपने परिवार में सुख-समृद्धि एवं शांति को लेकर मंगल की कामनाएं की। इस अवसर पर श्रीमती मीनाक्षी जांगिड़, धर्मपत्नी सुरेश कुमार जांगिड़, निवासी - पाली ने छप्पन भोग एवं महाप्रसादी का लाभ लिया। लाभार्थी परिवार ने मंदिर प्रांगण स्थित समस्त मंदिरों में भोग अर्पित कर भक्तों को भोग लगी प्रसाद का वितरण किया।

## कन्या पूजन एवं अन्न प्रसादम

लाभार्थी परिवार ने जसोल सर्व समाज की कन्याओं का विधिवत पूजन किया। उन्हें फल प्रसादम वितरित किया तथा अन्न प्रसादम एवं दक्षिणा भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया।


